# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

क्रमांक 1354/अका./२००४ — रायपुर,दिनांक 20.7.2004 27/7/04

कार्यपरिषद की आपातिक बैठक दिनांक 20.7.2004 को 5.00 बजे कुलपति कक्ष में आहूत की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थें-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर बी.पी.चन्द्रा, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री भागवत चन्द्राकर | सदस्य |
| 3. | प्रोफेसर शैलेन्द्र सराफ | सदस्य |
| 4. | प्रोफेसर आर.पी.दास | सदस्य |
| 5. | डा कु.हेमलता मोहबे | सदस्य |
| 6. | डा ए.के.बंसल | सदस्य |
| 7. | डा उर्मिला रानी गुप्ता | सदस्य |
| 8. | डा जी.डी.साव | सदस्य |
| 9. | श्री ए.मिंज | सचिव |

## कार्यवृत्त-

विषय क्रमांक 1 विद्यापरिषद की स्थायी समिति की दिनांक 19.7.2004 को संपन्न बैठक के कार्यवाही विवरण को अनुमोदन प्रदान करना।

निर्णय सर्वसम्मति से अनुमोदित की गई।

विषय क्रमांक 2 विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त अशासकीय महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन, महाविद्यालय संचालन के लिये उपयुक्त है अथवा नहीं इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने के प्रकरण पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त अशासकीय महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन, महाविद्यालय संचालन की उपयुक्तता की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई जिसमें दो सदस्य विश्वविद्यालय एवं एक सदस्य शासन का प्रतिनिधि होगा।

विषय क्रमांक 3 डा ओ.पी.व्यास द्वारा प्रस्तुत धारणाधिकार आवेदन एवं भारमुक्ति संबंधी आवेदन पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डा ओ.पी.व्यास को एनालिस्ट पद के विरूद्ध धारणाधिकार मान्य किया गया एवं रीडर के पद को रिक्त माना जायेगा।

विषय क्रमांक 4 मनोविज्ञान अध्ययन शाला को स्वीकृत इम्प्रेस्ट राशि रुपये 500/- को बढ़ाकर रुपये 1000/- एवं एक बार में व्यय करने की सीमा रुपये 300/- करने के प्रकरण पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से मान्य किया गया।

27/7/04

विषय क्रमांक 5 एम.एस.सी.मेडिकल बायोटेक्नालाजी पाठयक्रम से संबंधित अध्यादेश क्रमांक को अनुमोदन प्रदान करने के प्रकरण पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया एवं यह अध्यादेश समन्वय समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय।

विषय क्रमांक 6 कल्याण महाविद्यालय भिलाई को दिनांक 1.7.2003 से दिनांक 30.6.08 तक पांच वर्षों के लिये स्वायत्ता निरंतरता प्रदान करने के प्रकरण पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से मान्य किया गया।

## अध्यक्ष की अनुमति से

विषय क्रमांक 7 मनोविज्ञान अध्ययन शाला में सत्र 2004-05 से पी.जी.डिप्लोमा इन पर्सनल मैंनेजमेंट एण्ड इन्डस्ट्रीयल रिलेशनस पाठ्यक्रम संचालित करने के संबंध में निर्णय लेना।

निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस पाठ्यक्रम के लिये प्रस्तावित 20 सीट एवं प्रति विद्यार्थी रुपये 10000/- शुल्क मान्य किया गया।

विषय क्रमांक 8 विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान को इंप्रेस्ट राशि के आबंटन पर निर्णय लेना

निर्णय सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान को विभागीय व्यय हेतु रुपये 5000/- की इंप्रेस्ट राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक 9 प्रशासन विभाग के इंप्रेस्ट को 1500/- से 5000/- करने पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन विभाग के विभागीय व्यय हेतु इंप्रेस्ट को 1500/- से बढ़ाकर रुपये 3000/- की स्वीकृति दी गई।

विषय क्रमांक10 अकादमिक विभाग के इंप्रेस्ट को 3000/- से 5000/- करने पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अकादमिक विभाग के विभागीय व्यय हेतु इंप्रेस्ट को 3000/- से बढ़ाकर रफये 5000/- की स्वीकृति दी गई।

विषय क्रमांक 11 विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान की स्थापना से संबंधित विभिन्न व्यय हेतु रुपये 5,00,000/- की स्वीकृति प्रदान के संबंध में।

निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान की स्थापना से संबंधित व्यय हेतु रुपये 5,00,000/- की राशि उधार के रुप में दी जाय।

विषय क्रमांक 12 विश्वविद्यालय में कुलाधिसचिव (Rector) की नियुक्ति के संबंध में निर्णय लेना।

निर्णय डा ओ.पी.वर्मा के नाम को सर्वसम्मति से कुलाधिसचिव के पद पर नियुक्ति हेतु कार्यपरिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। डा ओ.पी.वर्मा, अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्ययन शाला अपने कार्य के साथ-साथ रेक्टर पद के कार्यों को भी संपादित करेंगे।

विषय क्रमांक 13जनवरी 2003 से मार्च 2004 तक गोपनीय मुद्रण हेतु हुये व्यय की स्वीकृति की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय सूचना ग्रहण की गई।

धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

कुलसचिव

पृष्ठांकन क्रमांक 1355 /अका/2004 रायपुर, 20.7.2004

प्रतिलिपि-

01. राज्यपाल के सचिव,राजभवन ,रायपुर ।
02. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, डीं.के.एस.भवन ,रायपुर ।
03. सचिव,वित्त विभाग,छत्तीसगढ़ शासन, डीं.के.एस.भवन ,रायपुर ।
04. प्रोफेसर आर.सी.मेहरोत्रा,रायपुर
05. डॉ० एस सराफ, फार्मेसी संस्थान, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर।
06. प्रोफेसर जी.एल.मूंदडा, आचार्य, रसायन अध्ययन शाला, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर
07. डा हेमलता महोबे, प्राचार्य, दिग्विजय महा.राजनांदगांव
08. डा.अशोक कुमार बंसल, प्राचार्य, बी.पी.देव महा, कांकेर
09. डॉ० अमीरचंद जैन, शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय,राजनांदगांव ।
10. श्री भागवत प्रसाद चन्द्राकर, अर्जुन्दा, जिला दुर्ग
11. पं.रामसुन्दर दास महंत, दूधाधारी वैष्णव मठ, रायपुर ।
12. डा डी.के.कटारिया, आयुर्वेदिक महाविद्यालय,रायपुर।
13. डा जी.डी.साव, प्राचार्य, शास.महाविद्यालय दुर्ग।
14. डा आर.पी.दास, आचार्य, एम.बी.ए.,पं.र.शु.वि.रायपुर।
15. डा उर्मिला रानी गुप्ता, प्राचार्य, शास.महाविद्यालय बलौदा बाजार।
15. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,पं.र.शु.वि.वि. रायपुर।
16. वित्तअधिकारी/आवासीयअंकेक्षणपं.र.शु.वि.वि.रायपुर/उपकुलसचिवअकादमिक/उपकुलसचिव गोपनीय/विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी प्रशासन, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी परीक्षा/ सेमेस्टर परीक्षा, विश्वविद्यालय यंत्री,पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि.,रायपुर ।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

कुलसचिव 20/7/04